जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965


साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan

वर्ष- 57 | अंक-46 | जयपुर, सोमवार, 13 दिसम्बर, 2021 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4

### महंगाई हटाओ महा रैली में राहुल गांधी बोले-

## मैं हिंदू हूं, हिंदुत्ववादी नहीं,महात्मा गांधी हिंदू थे और गोडसे हिंदुत्ववादी; मोदी भी हिंदुत्ववादी हैं, उन्हें सिर्फ सत्ता चाहिए

जयपुर (हमारा वतन)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रैली में कहा कि मैं हिंदू हूं लेकिन हिंदुत्ववादी नहीं हूं। महात्मा गांधी हिंदू थे और नाथूराम गोडसे हिंदुत्ववादी थे।कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जयपुर में कांग्रेस की राष्ट्रीय रैली में मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि पूरा देश चार-पांच उद्योगों के हाथ में है। हर संस्थान एक संगठन के हाथ में है। मंत्रियों के ऑफिस में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के ओएसडी हैं। देश को जनता नहीं चला रही है, तीन-चार पूंजीपति चला रहे हैं और हमारे प्रधानमंत्री उनके काम कर रहे हैं। रैली में सोनिया गांधी भी शामिल हुई, लेकिन उन्होंने भाषण नहीं दिया। राहुल गांधी ने कहा कि दो शब्दों का एक मतलब नहीं हो सकता। हर शब्द का अलग मतलब होता है। देश की राजनीति में आज दो शब्दों के मतलब अलग हैं। एक शब्द हिंदू दूसरा शब्द हिंदुत्ववादी। ये एक चीज नहीं है, ये दो



अलग शब्द हैं और इनका मतलब बिल्कुल अलग है। मैं हिदू हूं लेकिन हिंदुत्ववादी नहीं हूं। महात्मा गांधी हिंदू थे और नाथूराम गोडसे हिंदुत्ववादी थे। उन्होंने कहा कि हिंदू और हिंदुत्ववादी में फर्क होता है। हिंदू सत्य को ढूंढता है। मर जाए, कट जाए, फिर भी हिंदू सच को ढूंढता है। उसका रास्ता सत्य रहा। पूरी जिन्दगी वो सच को ढूंढने में निकाल देता है। जबकि हिंदुत्ववादी पूरी जिंदगी सत्ता को ढूंढने और सत्ता पाने में निकाल देता है। वह सत्ता के लिए किसी को भी मार देगा। हिंदू का रास्ता सत्याग्रह होता है और हिंदुत्ववादी का रास्ता सत्ताग्रह होता है। राहुल ने कहा- देश की सरकार कहती है कि कोई किसान शहीद ही नहीं हुए। मैंने पंजाब के लिए, हरियाणा से नाम लिए, पांच सौ लोगों की लिस्ट संसद में दी। उनसे कहा कि पंजाब की सरकार ने कंपनसेशन दिया है, आप भी दीजिए। उन्होंने दिया नहीं। राहुल ने कहा कि आप सब हिंदू हो, हिंदुत्ववादी नहीं। ये देश हिंदुओं का देश है, हिंदुत्ववादियों का नहीं। आज देश में दर्द है, महंगाई है तो ये काम आज हिंदुत्ववादियों ने किया है। उन्हें किसी भी हालत में सत्ता चाहिए। राहुल ने कहा कि 700 किसान शहीद हुए, यहां हमने दो मिनट मौन रखा, संसद में मौन रखने नहीं दिया। हम खड़े हुए मौन नहीं किया। चन्नी जी से पूछिए, चार सौ किसानों को पंजाब की सरकार ने 5 लाख रुपए दिए। उनमें से 152 को रोजगार दिला दिया है, बाकी को देने जा रहे हैं। नरेंद्र मोदी ने पीछे से छुरा घोंपा है। वे हिंदुत्ववादी हैं इसलिए पीछे से छुरा मारा। हिंदू आगे से मारता है, पीछे से नहीं मारता। हिंदुत्ववादी डराता है,धमकाता है, लेकिन मैं डरता नहीं हूं। मुझे सत्ता मिले न मिले, मैं सच्चाई का साथ देता रहूंगा। उन्होंने उद्योगपतियों को रियायत देने को लेकर भी मोदी पर तंज कसा। राहुल ने कहा- मोदीजी 24 घंटे यानी सुबह उठते ही कहते हैं, आज अडानी को क्या देना है।



### राजेन्द्र चौधरी के 43 वीं बार रक्तदान करने पर हुआ भव्य सम्मान

दौसा (हमारा वतन) जन सहयोग सेवा समिति दौसा के द्वारा रक्तदानी किरण मीना, हेमन्त घूमना और अबरार हाशमी के जन्मदिन पर दौसा के सरकारी अस्पताल में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया ,जिसमें कुल 21 यूनिट ब्लड़ एकत्रित किया गया।रक्तदान जीवनदान फॉउंडेशन के सहसंचालक राजेन्द्र चौधरी के 43 वीं बार रक्तदान करने पर समिति के संचालक अजय घूमना, किरन मीणा, हेमंत घूमना और अबरार हाशमी ने जबरदस्त उत्साह के साथ माला और साफा पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान टीम के सभी साथियों और हॉस्पिटल स्टाफ ने राजेंद्र चौधरी की तारीफ की जो 130 किमी दूर अपने गांव से दौसा आकर रक्त दान किया।

## एक साथ पंचतत्व में विलीन हुए CDS जनरल बिपिन रावत और पत्नी मधुलिका

नई दिल्ली (हमारा वतन) जब तक सूरज चांद रहेगा, बिपिन जी का नाम रहेगा। अमरता के इन नारों और 17 तोपों की सलामी की गूंज के बीच देश के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत और उनकी पत्नी मधुलिका रावत पंचतत्व में विलीन हो गए। दोपहर दो बजे दिल्ली के 3, कामराज मार्ग स्थित उनके घर से निकली अंतिम यात्रा में हजारों लोग हमसफर बने। आंखें नम थीं, लेकिन वीरता का गर्व भी था और उसके सम्मान में पुष्पवर्षा करते रहे। मां भारती के वीर सपूत के लिए नारे लगाते रहे। सीडीएस रावत और उनकी पत्नी को उनकी बेटियों कृतिका और तारिणी ने रुढ़ियों को तोड़ते हुए मुखाग्नि दी। यही नहीं जनरल बिपिन रावत और उनकी पत्नी के शव भी एक साथ ही चिता पर रखे गए थे।



**कई देशों के सेनाध्यक्षों और राजनियकों ने भी अंतिम विदाई-** इस मौके पर जनरल बिपिन रावत के छोटे भाई का परिवार, मधुलिका रावत की फैमिली के लोग भी मौजूद थे। यही नहीं बड़ी संख्या में सैनिकों के परिवार, राजनीतिक हस्तियां, कई देशों के सेनाध्यक्ष और राजनियक भी मौजूद थे। जनरल बिपिन रावत किस कद के सैन्य अधिकारी थे, इसका अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता है कि इजरायल, अमेरिका, फ्रांस और रूस समेत कई देशों ने उनकी मौत पर शोक जाहिर किया। यही नहीं उनके निधन को अपने एक गहरे दोस्त को खोने जैसा बताया था।

**दिन भर हस्तियों का लगा रहा श्रद्धांजलि के लिए तांता-**बुधवार को दोपहर 12: 08 बजे तमिलनाडु के नीलगिरि जिले के कुन्नूर हुए हेलिकॉप्टर क्रैश में सीडीएस जनरल बिपिन रावत, पत्नी मधुलिका रावत और 11 अन्य सैन्य अफसरों की मौत हो गई थी। विमान में कुल 14 लोग सवार थे, जिनमें से एक विंग कमांडर वरुण सिंह ही जीवित हैं और उनकी हालत भी चिंताजनक बनी हुई है।

## खाचरियावास बोले-बीजेपी नेता गांव-गांव जाकर नाक रगड़कर मांगें माफी

जयपुर(नि.सं.)। प्रदेश की गहलोत सरकार में खाद्य आपूर्ति मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने कहा है कि किसान आंदोलन को लेकर प्रधानमंत्री जी ने तो किसानों से माफी मांग ली है। अब राजस्थान बीजेपी के नेताओं को गांव-गांव में जाकर नाक रगड़कर किसानों से माफी मांगनी चाहिए।क्योंकि प्रदेश के बीजेपी नेता कल तक किसानों को गाली और धमकियां दे रहे थे। बीजेपी के नेता गांवों में तब घुसें, जब किसानों से नाक रगड़कर माफी मांग लें। क्योंकि अब वो गांवों में जाने के लायक ही नहीं हैं। आज किसानों के लिए उनका क्या जवाब है।

राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ जयपुर

Khadi India

आज़ादी का अमृत महोत्सव

खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी 2021-22

राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ बजाज नगर जयपुर

(राजस्थान की प्रमाणित खादी एवं ग्रामोद्योग संस्थाओं का मध्यवर्ती संगठन)

प्रवेश नि:शुल्क

NO MASK

25 नवंबर 2021 से प्रारंभ
समय दोपहर 12 बजे से
रात्रि 8:30 बजे तक

पार्किंग नि:शुल्क

NO ENTRY

खादी पर 50% तक की छूट

प्रदर्शनी स्थल - राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ बजाज नगर, गांधी नगर रेलवे स्टेशन के सामने, जयपुर

(खादी और ग्रामोद्योग आयोग भारत सरकार द्वारा प्रसारित)

# पूनम अंकुर छाबड़ा ने की राज्यपाल कलराज मिश्र से मुलाकात



जयपुर (हमारा वतन) शराबबंदी आंदोलन को जनमानस तक पहुंचाने वाली पूनम अंकुर छाबड़ा ने राजभवन में राज्यपाल कलराज मिश्र से मुलाकात की। पूनम छाबड़ा के साथ प्रतिनिधि मंडल के पवन जैन, विशाल शर्मा व अंकुर छाबड़ा राजभवन पहुंचे। पूनम अंकुर छाबड़ा ने राज्यपाल से नशामुक्ति अभियान को लेकर मार्गदर्शन प्राप्त किया और उनको अभियान की रूपरेखा से अवगत करवाया। उनको बताया कि पूर्व विधायक गुरुशरण छाबड़ा ने इस आंदोलन को आरंभ किया था। अपने प्राणों का बलिदान देकर इस आंदोलन को मजबूत किया। उनके दिखाये गये मार्ग पर वें चल रही हैं और उनको आशा है कि एक दिन पूरा देश का हर वर्ग एक होकर नशामुक्त अभियान में अपनी सहभागिता निभाकर हर प्रकार के नशे से दूर होगा। राज्यपाल ने पूनम अंकुर छाबड़ा के द्वारा देश भर में चलाये जा रहे नशामुक्त अभियान की सरहाना की। उन्होंने कहा कि नशा सामाजिक बुराई है। इस बुराई के बारे में सभी को जागरुक किया जाना आवश्यक है। यह न केवल सामाजिक बल्कि आर्थिक प्रतिष्ठा को भी हानि पहुंचाती है। पूनम अंकुर छाबड़ा ने मुलाकात के बाद कहा है कि राज्यपाल कलराज मिश्र ने उनको पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया है।

# पहली से आठवीं तक के 60 हजार स्टूडेंट्स को मिलेगी फ्री यूनिफॉर्म



जयपुर (हमारा वतन) राजस्थान के सरकारी स्कूलों के स्टूडेंट्स को यूनिफॉर्म फ्री दी जाएगी। इसका सीधा लाभ करीब 60 लाख बच्चों को मिलेगा। सरकार ने इस साल यूनिफॉर्म का कलर भी बदलने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की बजट घोषणा को अमलीजामा पहनाने के लिए राज्य सरकार प्रत्येक स्टूडेंट पर करीब 600 रुपए खर्च करेगी। हालांकि, अभी ये तय नहीं है कि सरकार स्टूडेंट के बैंक खाते में राशि देगी या फिर सिली सिलाई यूनिफॉर्म ही उपलब्ध कराई जाएगी। शिक्षा मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला ने बताया कि पहली से आठवीं क्लास तक के बच्चों को यूनिफॉर्म फ्री दी जाएगी। देश के कुछ राज्यों में सीधे अकाउंट में ही रुपए ट्रांसफर किए जा रहे हैं। दरअसल, यूनिफॉर्म में पैंट, शर्ट, स्कर्ट, सलवार आदि के साइज का पता नहीं रहता। ऐसे में बैंक खाते में ही रुपए ट्रांसफर किए जाते हैं। राजस्थान में भी इसी तरह रुपए बैंक खाते में देने का निर्णय हो सकता है।

**ये होगा नए यूनिफॉर्म का कलर-** छात्रों के लिए हल्के नीले (ब्ल्यू) रंग की कमीज और गहरे भूरे या धूसर (डार्क ग्रे) रंग की पैंट होगी। लड़कियों को हल्के नीले (ब्लू) रंग का कुर्ता-शर्ट तथा गहरे भूरे-धूसर (डार्क ग्रे) रंग की सलवार या स्कर्ट होगी। लड़कियों को डार्क ग्रे रंग की चुन्नी भी ओढ़नी होगी। सर्दी में इन कपड़ों के साथ डार्क ग्रे कलर का कोट (ब्लेजर) या स्वेटर भी पहनना होगा। वैसे तो स्टूडेंट्स को इसी सत्र में ये यूनिफार्म पहननी है, लेकिन इसका दबाव नहीं होगा।

# बागड़ा ब्राह्मण समाज सम्मान समारोह के लिए किया जनसंपर्क



जयपुर (संस्कार सृजन) अखिल भारतीय बागड़ा ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में 19 दिसंबर 2021 को आयोजित होने वाले समाज के जनप्रतिनिधि एवं प्रतिभा सम्मान समारोह 2021 के लिए राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं कार्यक्रम संयोजक पुरुषोत्तम शर्मा ने समाज बंधुओं के साथ कालाडेरा ,विमलपुरा , जयसिंहपुरा आदि गांवों में जनसंपर्क कर सम्मान समारोह में अधिकाधिक पधारने का आग्रह किया ।

समारोह संयोजक पुरुषोत्तम शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर समाज के जनप्रतिनिधियों प्रधान, सरपंच पंचायत समिति सदस्य, जिला परिषद सदस्य, नगर पालिका ,नगर निगम ,पार्षद गणों ,राजकीय सेवा में चयनित विद्यार्थियों ,आईआईटी ,नीट में कॉलेज आवंटित विद्यार्थियों, सीए एवं राष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता खिलाड़ियों का अभिनंदन किया जाएगा। इस अवसर पर कालाडेरा व्यापार मंडल अध्यक्ष हनुमान खोज, शंकरलाल खोज ,ओमप्रकाश मेहता ,राजेंद्र खोज ,भगवान सहाय खोज, मालीराम शर्मा, राजेंद्र मेहता, गणेश पंचोली आदि समाज बंधु उपस्थित रहे ।

# UEM यूनिवर्सिटी ने किया निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन



जयपुर (हमारा वातान) यूईएम यूनिवर्सिटी ने आज चौंप जयपुर मे निशुल्क चिकित्सा व रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । जिसमें यूईएम यूनीवर्सिटी के फिजियोथैरेपी विभाग ने अपनी सेवाएं दी। इस शिविर मे यूईएम यूनीवर्सिटी के फिजियोथैरेपी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ शांतनु शर्मा ने फिजियोथैरेपी के छात्रों के साथ 95 मरीजों को सफलतापूर्वक फिजियोथैरेपी चिकित्सा व परामर्श प्रदान किया गया। यूईएम यूनिवर्सिटी का फिजियोथैरेपी विभाग, चौमू व आस पास में पहले भी कई बार निशुल्क फिजियोथैरेपी शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन कर चुका है, जिससे क्षेत्र के लोगो को बहुत लाभान्वित किया। इस शिविर में फिजियोथैरेपी के अलावा नेत्र रोग, स्त्री रोग व दांत रोग विभाग ने भी अपनी निशुल्क सेवाएं प्रदान की।

# रुद्रा वेलफेयर सोसाइटी ने आयोजित की मेहंदी प्रतियोगिता



हरियाणा (हमारा वतन) रुद्रा वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा पानीपत शहर के एसडी कॉलेज में मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित की । मेहंदी प्रतियोगिता में छात्राओं ने और अध्यापिकाओं ने बढ़ - चढ़कर भाग लिया । मेहंदी प्रतियोगिता की विजेताओं को रुद्रा वेलफेयर सोसाइटी की प्रेसिडेंट काजल शर्मा और सोसायटी के महासचिव पंकज रुद्रा के द्वारा पुरस्कृत किया गया । एसडी कॉलेज की प्रधानाचार्य अनुपम अरोड़ा,अध्यापिका संतोष ,दीपा वर्मा ,कॉलेज की प्रबंधक समिति ने मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित करवाने पर रुद्रा वेलफेयर सोसाइटी का आभार व्यक्त किया । इस दौरान रूद्र वेलफेयर सोसाइटी के सदस्य आशीष मुआना, सुधांशु गुर्जर, शालू जांगड़ा, शशि मान , सुमित राणा, कमल शर्मा , प्रिंस शर्मा , रजत जुनेजा आदि मौजूद रहे ।

# विराज फाउंडेशन ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि



चौमूं (हमारा वतन) विराज फाउंडेशन ने दुर्घटना में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत एवं अधिकारियों व जवानों की शहादत पर कर्नल बजरंग सिंह एवं प्रदेशाध्यक्ष भुवेनश तिवाडी व पदाधिकारियों द्वारा सादर श्रद्धांजलि देकर 2 मिनट का मौन रखा।

इस दौरान कर्नल बजरंग सिंह ने कहा कि जनरल बिपिन रावत एवं 13 शहीदों की शहादत को यह देश कभी नहीं भूलेगा जनरल रावत ने देश की सुरक्षा व अखंडता के लिए कई बड़े-बड़े फैसले लिए उनकी इस वीरता, शौर्य, पराक्रम व दूरदर्शिता के लिए हमेशा जाने जाएंगे तथा हमेशा सभी के दिलों में रहेंगे। इस दौरान कैप्टन पृथ्वी सिंह, कैप्टन श्रीराम शर्मा, महासचिव बनवारी लाल शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता विष्णु कुमार कुमावत, प्रदेश प्रवक्ता (आयुष प्रकोष्ठ) डॉ अविनाश शर्मा, जिला महासचिव नरेंद्र शर्मा, जिला प्रवक्ता मुकेश लालानी, जिला सलाहकार गणपत शर्मा, चौमूँ नगर अध्यक्ष डॉ सीताराम शर्मा, मुकेश कुमावत, दीपक प्रजापत, राहुल शर्मा, सुमित्रा बाज्या, प्रियंका चौधरी, रमेश चौधरी आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

# उदयवीर को मिलेगा 'शान ए इंडिया अवार्ड 2021' का गेस्ट ऑफ आनर सम्मान



जयपुर (हमारा वतन) अलवर में निशा होम केयर सोसायटी द्वारा आगामी 15 दिसंबर 2021 को शान-ए-इंडिया सम्मान समारोह आयोजित होगा। आयोजन कर्ता निशा सैनी और गजानान्द सैनी ने सेना के जांबाज भूतपूर्व सैनिक नायक उदयवीर सिंह यादव को गेस्ट ऑफ हानर सम्मान देने के लिए चयन किया है। इस सम्मान समारोह में चीफ गेस्ट बालीवुड कलाकार रजा मुराद शिरकत करेंगे तथा मुख्य अतिथि टीकाराम जूली और अलवर एसपी तेजस्वनी गौतम भी उपस्थित रहेंगे। उदयवीर सिंह यादव आज के समय में युवाओं के प्रेरणास्त्रोत हैं। जिंदगी की राह में आई हर कठिन चुनौती का सामना कर किस तरह इन्होंने अपने जीवन का नए तरीके से निर्माण किया है। यह एक उदाहरण है। जीवन में आने वाली हर कठिन चुनौती का सामना डटकर करना चाहिए, ऐसा सेना के जांबाज भूतपूर्व सैनिक नायक उदयवीर सिंह यादव का कहना है।



# व्हील चेयर देकर दिव्यांग का सहारा बना रोटरी क्लब जयपुर

जयपुर (हमारा वतन) रोटरी क्लब जयपुर, रोटरी भवन, चर्च रोड, हथरोई, जयपुर के द्वारा दिव्यांग संगीता नायक को व्हील चेयर प्रदान की गई। संगीता नायक निंबाहेड़ा, जिला चित्तौड़ की निवासी है, उसे पढ़ाई में और अपनी दैनिक दिनचर्या में बहुत सारी उलझने आ रही थी। वह अपने हौसलों को उड़ान देने में असमर्थ थी । दिव्यांग रोजगार ट्रस्ट के राहुल मेघवंशी ने इनकी समस्याओं को रोटे पीयूष जैन के सामने रखी। तत्पश्चात रोटरी क्लब जयपुर द्वारा श्रीमती शकुंतला अग्रवाल धर्मपत्नी पूर्व अध्यक्ष रोटे आनंद किशोर अग्रवाल ने दिव्यांग को व्हील चेयर देकर सहयोग प्रदान किया। दिव्यांग अब अपने हौसलों की उड़ान हमेशा भरने में सक्षम रहेगी। रोटरी क्लब के अध्यक्ष रोटे सुरेंद्र स्वरूप, सचिव रोटे सी ए दुर्गेश पुरोहित व कोषाध्यक्ष रोटे पीयूष जैन ने बताया कि रोटरी क्लब जयपुर हमेशा जरूरतमंद दिव्यांगों के लिए सहयोग करता रहेगा।

# जॉब्स

1. नॉर्दन कोलफील्ड लिमिटेड (एनसीएल), पद ट्रेड अप्रेंटिस, पद संख्या 1295, अंतिम तिथि 20 दिसंबर 2021
2. न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, पद नर्स फार्मासिस्ट व अन्य, पद संख्या 72, अंतिम तिथि 27 दिसंबर 2021
3. राजस्थान स्टाफ सिलेक्शन बोर्ड (आरएसएमएसएसबी), पद मोटर व्हीकल सब इंस्पेक्टर, पद संख्या 197, अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2021
4. इंडियन एयर फोर्स, पद एएफसीएटी ग्राउंड ड्यूटी टेक्निकल और नॉन टेक्निकल, पद संख्या 317, अंतिम तिथि 30 दिसंबर 2021
5. राजस्थान स्टाफ सिलेक्शन बोर्ड, पद ए पी आर ओ, पद संख्या 76, अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2021
6. भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), पद सीबीओ, पद संख्या 1226, अंतिम तिथि 29 दिसंबर 2021
7. दिल्ली स्किल एंड एंटरप्रेन्योरशिप यूनिवर्सिटी, पद जूनियर असिस्टेंट व अन्य, पद संख्या 51, अंतिम तिथि 20 दिसंबर 2021
8. बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन, पद पेंटर, वेटर, मैकेनिक, ड्राइवर, पद संख्या 354, अंतिम तिथि 15 जनवरी 2022

# रिलीज से पहले विवादों में घिरी रणवीर सिंह की '83', दीपिका पादुकोण सहित मेकर्स के खिलाफ शिकायत दर्ज

रणवीर सिंह की बहुप्रतीक्षित फिल्म 83 रिलीज होने से पहले ही कानूनी विवादों में घिर गई है। फिल्म के मेकर्स पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। 83 के रिलीज होने में कुछ ही दिन बचे हैं। कबीर खान निर्देशित इस फिल्म के प्रोड्यूसर्स में से एक दीपिका पादुकोण भी हैं। उनका भी इसमें नाम लिया जा रहा है। संयुक्त अरब अमीरात स्थित वित्तीय कंपनी फ्यूचर रिसोर्स एफजेडई ने मुंबई के अंधेरी मेट्रोपॉलिटन मजेस्ट्रिट अदालत का रुख किया है। कंपनी ने निर्माताओं के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 405, 406, 415, 418, 420 और 120 बी के तहत शिकायत दर्ज कराई है।



**दीपिका सहित अन्य निर्माताओं का नाम**-कंपनी ने दीपिका पादुकोण के अलावा फिल्म के अन्य निर्माताओं साजिद नाडियाडवाला,, कबीर खान, फैंटम फिल्म्स और चार अन्य पर भी आरोप लगाए हैं। शिकायतकर्ता कंपनी के अनुसार उनके प्रतिनिधियों ने हैदराबाद स्थित कंपनी विब्री मीडिया के लोगों से मुलाकात की क्योंकि FZE निवेश करना चाहती थी। विब्री ने उनसे निवेश के बदले अच्छे रिटर्न का वादा किया था इसलिए FZE ने 16 करोड़ का निवेश किया था लेकिन मेकर्स ने फिल्म के अधिकार देने में धोखाधड़ी की। **कब रिलीज होगी फिल्म**-फिल्म 83 की कहानी भारत के पहले विश्वकप जीतने पर आधारित है। साल 1983 में कपिल देव के नेतृत्व में इतिहास रचते हुए देश ने पहला क्रिकेट विश्व कप जीता था। स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म का निर्देशन कबीर खान ने किया है। फैन्स को क्रिसमस का तोहफा देते हुए यह 24 दिसंबर 2021 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। रणवीर के अलावा इसमें दीपिका पादुकोण, पंकज त्रिपाठी, साकिब सलीम, जतिन सरना, ताहिर राज भसीन, चिराग पाटिल, जीवा, दिनकर शर्मा, हार्डी संधू, ऐमी विर्क, निशांत दहिया, साहिल खट्टर। आदिनाथ कोठारे, आर बद्री और धैर्य करवा हैं।

# फेसवॉश से चेहरा हो जाता है ड्राई तो इन घरेलू नुस्खों को आजमाएं

प्रदूषण भरी हवा का सामना सबसे पहले आपकी त्वचा को करना पड़ता है। इसे साफ रखने के लिए नियमित रूप से धोना जरूरी है। लेकिन अगर फेसवॉश आपकी स्किन को ड्राई कर देता है, तो मेरी मम्मी के इस प्राकृतिक नुस्खे को जरूर अपनाएं।अपने चेहरे को साफ और ग्लोइंग रखना हर महिला का सपना होता है। बिना मेकअप और नो फ़िल्टर स्किन अगर साफ और हेल्दी हो, तो और क्या चाहिए! लेकिन प्रदूषण, सूरज की किरणें और चेहरे पर जमी गंदगी अक्सर इस रास्ते की बाधा होती हैं। ऐसे में आप प्रसिद्ध ब्रांड्स और महंगे प्रोडक्ट का इस्तेमाल शुरू कर देती हैं। आपकी स्किन केयर रेजीम का महत्वपूर्ण और पहला स्टेप होता है फेस वॉश । आप हमेशा अपनी स्किन टाइप का ख्याल रखकर ही इसका चयन करती हैं। लेकिन क्या इसके लगातार इस्तेमाल से आपकी त्वचा ड्राई होने लगी है? अगर ऐसा है, तो मेरी मम्मी कुछ ऐसे घरेलू एवं प्राकृतिक नुस्खे बता रहीं हैं, जिससे आप रोजाना अपने चेहरे को धो सकते हैं। साथ ही यह हाइड्रेटेड और स्पॉटलेस स्किन पाने में आपकी मदद करेंगे।

**फेस वॉश आपकी त्वचा को ड्राई क्यों बनाता है**-मेरी मम्मी के अलावा आप सब भी जानते होंगे कि फेस वॉश आपके चेहरे से गंदगी और ऑयल निकालने में मदद करता है। गर्मियों में अक्सर यह पसीने के कारण होने वाली चिपचिपाहट को दूर करने के लिए कारगर है। लेकिन सर्दियों में इसका नकारात्मक प्रभाव देखने को मिलता है। ठंडे मौसम के कारण चेहरा पहले से सूखा हुआ रहता है और फेस वॉश इसे और ड्राई बना देता है। हालांकि, त्वचा पर चिपकी हानिकारक और गंदगी के कणों को निकालना जरूरी होता है। अन्यथा आपकी त्वचा डल और मुंहासों वाली हो जाएगी।

**सर्दियों में स्किन क्लींजिंग के लिए इस बात का ध्यान रखना है जरूरी** -चूंकि आपकी त्वचा सर्दियों में स्वाभाविक रूप से ड्राई रहती है, तो मेरी मम्मी का सुझाव है कि आपको अपनी स्किन का ऑयल बैलेंस जानना बहुत जरूरी है। यह आपको सही उपाय करने में मदद करेगा। अपनी स्किन टाइप के हिसाब से सही उपचार को अपनाना ही इस परेशानी का हल है। विंटर स्किन केयर के लिए मेरी मम्मी हमेशा प्राकृतिक नुस्खों पर विश्वास करती हैं। उनका मानना है कि यह आपकी त्वचा पर कोई साइड इफेक्ट नहीं छोड़ता है। ड्राई स्किन से राहत पाने के लिए जानिए मेरी मम्मी के घरेलू हाइड्रेटिंग उपाय।



**यहां हैं वे नेचुरल फेस क्लींजर्स जो त्वचा को ड्राई होने से रोकते हैं**-अगर महंगा से महंगा फेस वॉश भी आपको मनचाहा परिणाम नहीं दे रहा है, तो सर्दियों में अपने किचन में मिलने वाली इन सामग्रियों का इस्तेमाल करें।

**कच्चा दूध आपकी त्वचा को बनाएगा कोमल**-जी हां, कच्चा दूध आपकी त्वचा को जरूरी पोषक तत्व प्रदान करने में मदद करता है। कई कॉस्मेटिक प्रोडक्ट्स दूध की अच्छाइयों से लैस होने का दावा करते है। तो क्यों न आप दूध का सीधा इस्तेमाल अपनी स्किन पर करें? दूध में मौजूद लैक्टिक एसिड , विटामिन ए , विटामिन डी विटामिन के और प्रोटीन इसे एक्सफोलिएटिंग और हाइड्रेटिंग एजेंट बनाता है। यह ड्राई स्किन के लिए बेहतरीन टोनर साबित हो सकता है।



## अनचाहे बालों के लिए रेजर का इस्तेमाल कर रहीं हैं, तो जानिए आपको क्या करना चाहिए और क्या नहीं

यदि आप शरीर या चेहरे के बालों को हटाने के लिए रेजर का इस्तेमाल करती हैं, तो कुछ बुनियादी नियमों को जानना आवश्यक है हम अक्सर शरीर या चेहरे के बालों से छुटकारा पाने के लिए हर तरह के तरीकों का इस्तेमाल करती हैं। वैक्सिंग से हमें दर्द होता है (है ना?), लेकिन हम में से बहुत से लोग हर महीने उस परीक्षा से गुजरते हैं। कुछ महिलाएं शेविंग भी करती हैं, और यह निश्चित रूप से एक बुरा विचार नहीं है। लेकिन आपको कुछ टिप्स को याद रखने की आवश्यकता है जो प्रक्रिया को सुचारू बनाएगी तो, हम आपको कुछ बुनियादी नियमों के बारे में कैसे बताएंगे? इसमें हमारी मदद करने के लिए हेल्थशॉट्स ने सेलिब्रिटी त्वचा विशेषज्ञ डॉ जयश्री शरद से संपर्क किया।

**क्या शरीर के बालों को हटाने के लिए शेविंग को प्राथमिकता दी जानी चाहिए?**

डॉ शरद कहती हैं शेविंग सभी लोगों के लिए बाल हटाने का अच्छा तरीका है। बहुत सी महिलाओं का मानना है कि शेविंग के बाद बालों की ग्रोथ ज्यादा होती है या बाल घने होते हैं, जो कि एक मिथ है।जब आप शेव करते हैं, तो आप वैक्सिंग या थ्रेडिंग के विपरीत बालों को जड़ से नहीं तोड़ते हैं।

# सचिन की बेटी सारा तेंदुलकर की विज्ञापन में एंट्री, खूबसूरती देख फैंस ने बताया हॉलीवुड एक्ट्रेस

मास्टर ब्लास्टर और देश के महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा तेंदुलकर ने भी अब विज्ञापन इंडस्ट्री में एंट्री मार ली है। Sara Tendulkar जल्द ही कपड़ों की एक अंतरराष्ट्रीय ब्रांड का विज्ञापन करते नजर आएंगे। हाल ही में Sara Tendulkar एक वीडियो में शानदार आउटफिट में अलग-अलग अंदाज में पोज देती नजर आ रही हैं। इस विज्ञापन में Sara Tendulkar अभिनेत्री बनिता संधू और तानिया श्रॉफ के साथ नजर आ रही हैं। सारा की उम्र अभी 24 साल है और सोशल मीडिया पर भी उनके काफी प्रशंसक हैं। सारा तेंदुलकर ने भी हाल ही में अपनी कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। ब्राउन कलर के आउटफिट में Sara Tendulkar को उनके फैन्स खूब पसंद कर रहे हैं। इस विज्ञापन में Sara एक झील के किनारे नजर आ रही हैं और वह अलग-अलग पोज देती नजर आ रही हैं। वीडियो की शुरुआत में सारा अकेली नजर आ रही हैं लेकिन कुछ देर बाद इस वीडियो में बनिता संधू और तानिया श्रॉफ भी दिखाई देते हैं।



**फैन्स को काफी पसंद आ रहा वीडियो**-Sara Tendulkar के पोस्ट को देखने के बाद लगातार फैंस के कमेंट्स आ रहे हैं। एक फैन्स ने तो यहां तक लिख दिया कि Sara Tendulkar हॉलीवुड एक्ट्रेस की तरह लग रही है। एक अन्य यूजर ने लिखा लगता है आप ग्रीस से हैं तो कई यूजर्स ने लिखा वेरी ब्यूटीफुल।

**सचिन तेंदुलकर की बड़ी बेटी है सारा**-Sara Tendulkar सचिन तेंदुलकर और अंजलि तेंदुलकर की बड़ी बेटी हैं। इन दोनों का एक बेटा अर्जुन तेंदुलकर भी है जो क्रिकेटर हैं और फिलहाल IPL में मुंबई इंडियंस टीम से जुड़े हुए हैं। Sara की स्कूली शिक्षा मुंबई में हुई, जिसके बाद वह मेडिसिन की पढ़ाई के लिए लंदन चली गई थी। सारा के इस विज्ञापन डेब्यू पर फैंस उनकी खूब तारीफ कर रहे हैं और शेयर भी कर रहे हैं। क्रिटिक्स केआरके ने भी की सारा तेंदुलकर के डेब्यू की तारीफ की है।







# दो कप्तानों की नीति पर भारत ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और साउथ अफ्रीका के बाद भारत चौथा देश जिसने White ball क्रिकेट में अलग कप्तान बनाया

नई दिल्ली। टीम इंडिया ने क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट के लिए 2 कप्तान बनाए हैं। BCCI ने इसका ऐलान किया। अब टेस्ट में विराट कोहली टीम के कप्तान होंगे। वहीं, वनडे और टी-20 में रोहित शर्मा को कप्तान बनाया गया है।आइए आपको बताते हैं टेस्ट खेलने वाले 12 देशों में किन देशों ने White ball क्रिकेट में अलग कप्तान बनाया है और कितने देश पुराने ढर्रे पर चलते हुए एक ही कप्तान के साथ खेलते हैं।

**पाकिस्तान, न्यूजीलैंड, आयरलैंड और जिम्बाब्वे के तीनों फॉर्मेट में एक ही कप्तान**-न्यूजीलैंड की टीम तीनों फॉर्मेट में केन विलियम्सन की कप्तानी में खेल रही है। उन्होंने दो कप्तानों की नीति नहीं अपनाई है। वहीं, पाकिस्तान के भी तीनों फॉर्मेट में एक ही कप्तान है। पाक टीम बाबर आजम के कप्तानी में खेलती है। आयरलैंड भी तीनों फॉर्मेट में एक ही कप्तान के साथ उतरती है। एंड्रयू बालबर्नी आयरलैंड के लिए टेस्ट, वनडे और टी-20 में कप्तानी करते हैं। वहीं, जिम्बाब्वे के कप्तान अभी क्रेग एर्विन हैं और ये भी तीनों फॉर्मेट के कप्तान हैं।

**बांग्लादेश के तीनों फॉर्मेट में अलग कप्तान**-बांग्लादेश की टीम के तीनों फॉर्मेट में अलग-अलग कप्तान हैं। टेस्ट में टीम की कप्तानी मोमिनुल हक करते हैं। वहीं, वनडे टीम की कमान तमीम इकबाल के पास है और टी-20 क्रिकेट में महमूदुल्लाह बांग्लादेश के कप्तान हैं।

**अफगानिस्तान का कुछ साफ नहीं**-टी-20 में अफगानिस्तान की टीम के कप्तान अभी मोहम्मद नबी हैं। वहीं, अफगानिस्तान ने जो अपना आखिरी टेस्ट मैच खेला था उसमें असगर अफगान कप्तान थे। आखिरी वनडे मैच में भी अफगानिस्तान के कप्तान असगर अफगान ही थे। हालांकि, अफगान ने अब क्रिकेट से संन्यास ले लिया है।कुछ दिन पहले अफगानिस्तान ने राशिद खान को तीनों फॉर्मेट का कप्तान बनाया था, लेकिन उन्होंने कप्तानी करने से मना कर दिया था।

# शादाब खान का बड़ा बयान, बोले- बाबर आजम के लिए खिलाड़ी जान तक दे देंगे

नई दिल्ली। पाकिस्तान के लिमिटेड ओवर क्रिकेट के अहम सदस्य शादाब खान ने अपने कप्तान बाबर आजम को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने यहां तक कह दिया है कि खिलाड़ी बाबर के लिए अपनी जान तक दे देंगे। उन्होंने टीम की शानदार सफलता के लिए अपने कप्तान को क्रेडिट दिया। पाकिस्तान ने पिछले नौ टी-20 इंटरनेशनल में से आठ में जीत दर्ज की, जिनमें आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप के रूप स्टेज के सभी मैचों में जीत शामिल है। इसके अलावा उसने बांग्लादेश में दोनों टेस्ट मैच भी जीते हैं। जिओ टीवी से बात करते हुए शादाब ने कहा, बाबर जो डिसीजन ले रहे हैं, वे इस बात की ओर इशारा करते हैं कि वह एक प्रभावशाली लीडर हैं। उनकी लीडरशिप की ही खासियत है कि टीम अब एक यूनिट के तौर पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। लोग एक ऐसे लीडर के लिए अपनी जान देने के लिए तैयार हैं जो हमेशा उनका समर्थन करते हैं। सिर्फ शादाब ही नहीं, बल्कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष रमीज राजा ने भी बाबर की जमकर तारीफ की।



# अपने पापा के नक्शे कदम पर जोरावर, शिखर धवन ने शेयर किया नया लुक

नई दिल्ली। भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज शिखर धवन को उनके बिंदासपन और स्टाइल के लिए जाना जाता है। शरीर पर टैटू गुदवाने के शौकीन धवन अपने स्टाइल को लेकर अक्सर एक्सपैरीमेंट करते रहते हैं। इस मामले में उनका बेटा जोरावर भी कुछ पीछे नहीं है। धवन अक्सर जोरावर संग मस्ती करते रहते हैं और इसकी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर करते रहते हैं। धवन ने अब अपने बेटे का नया हेयर स्टाइल अपने फैन्स के साथ शेयर किया है। उन्होंने यहां इंस्टाग्राम पर जोरावर के साथ हुए वीडियो कॉल का स्क्रीनशॉट शेयर किया। इसके कैप्शन में धवन ने जो लिखा है, उसे पढ़कर यह समझ आ जाएगा कि धवन अपने बेटे को कितना मिस कर रहे हैं। धवन ने फोटो शेयर करते हुए इसके कैप्शन में लिखा, जैसा पिता, वैसा बेटा। काफी मिस कर रहा हूं मेरे बच्चे। बता दें कि यह साल पर्सनली तौर पर धवन के लिए भूचाल लेकर आया, क्योंकि उनकी वाइफ आयशा मुखर्जी ने लगभग नौ साल का रिश्ता तोड़ते हुए उनसे तलाक ले लिया। तलाक के बाद जोरावर इस समय अपनी मां के साथ मेलबर्न में हैं।



हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक


क्या खाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

# जोड़ने के जुनून वाला जनरल

अब यह इतिहास है। हमारे पूर्व सेना प्रमुख जनरल बिपिन रावत को 1 जनवरी, 2020 को तीन साल के कार्यकाल के लिए देश के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) के रूप में तैनात किया गया था। एक चार सितारा सैन्य जनरल के लिए सीडीएस का पद बिल्कुल मुफीद था। सीडीएस का पद सृजित होने से पहले हमारे तीनों सशस्त्र बलों- थल सेना, नौसेना और वायु सेना में से प्रत्येक के पास अलग-अलग चार सितारा रैंक के सैन्य अधिकारी सर्वोच्च पद पर विराजमान रहते थे। सीडीएस के बनने से इन तीनों प्रमुख सैन्य अधिकारियों के ऊपर भी एक अधिकारी पदस्थ हो गए। हमारे नए सीडीएस तीन टोपियां पहनते थे, जो उन्हें सैन्य और नौकरशाही, दोनों तरह के कार्यों या जिम्मेदारियों से जोड़ती थीं। रक्षा मामलों के विभाग में सचिव के रूप में उनके पास सबसे महत्वपूर्ण भूमिका थी, इसके लिए पहली बार एक सेवारत सैन्य अधिकारी को वित्तीय शक्तियों और संसदीय जिम्मेदारियों के साथ सचिव स्तर के अधिकारी का दर्जा दिया गया था। सीडीएस को भी एक चार सितारा अधिकारी का दर्जा हासिल था और वह रक्षा सेवा प्रमुखों में पहले स्थान पर थे, हालांकि, सेनाओं में उनकी कोई परिचालन भूमिका या सक्रिय जिम्मेदारी नहीं थी। सीडीएस को चीफ्स ऑफ स्टाफ कमेटी (सीओएससी) के स्थायी अध्यक्ष के रूप में भी काम करना था। हालांकि, उनके कार्यालय के पास किसी कमान की जिम्मेदारी नहीं थी। उपरोक्त दो टोपियों या जिम्मेदारियों के अलावा सीडीएस को रक्षा मंत्री के प्रमुख सलाहकार के रूप में भी देखा गया। वह एक तरह से राजनीतिक नेतृत्व से जुड़े अकेले सैन्य अधिकारी थे। वैसे सीडीएस के कुछ प्रावधान उलझे हुए से लगते हैं।


राम गोपाल सैनी

# पुद्दन काका की गर्लफ्रैंड...




एक दिन पुद्दन काका अपनी गर्लफ्रैंड की बात बताते हुए बोले...वह भी क्या ज़माना था । मेरा बाल विवाह हुआ था,उम्र रही होगी यही कोई चौदह - पन्द्रह साल । सत्तरह अठारह साल में गौना भी आ गया । उस समय लोगो के पास पैसे न के बराबर थे । इसलिए उस ज़माने में विवाह को दो भागों में बांटकर किया जाता था ।

खैर ! गौना हो गया । विवाह के समय तो पत्नी की देखना भी अनैतिक जैसा ही माना जाता था । मैं ठहरा अच्छा लड़का,तो मैंने अपनी श्रीमती जी को नही देखा । आज लगभग पूरे तीन साल बाद विवाह के , अब तक वे साफ्ट कॉपी की तरह जिन्दगी में थी , अब हार्ड कॉपी की तरह आई हैं । उन्हें देखा नही,जाना नही,मिलने पर पहचान भी नही सकता,आज वे घर में इस एहसास से ही भीतर तक खुश हूं । माता- पिता, समाज के कहने पर विवाह कर लिया कहना शायद गलत होगा । कुछ रश्मो में तो जाग रहा था,कुछ में आधा सो सा गया था। भला हो उस नाईन (नाइ की श्रीमती जी जिनके बिना उस ज़माने में विवाह तो क्या सत्यनारायण भगवान की कथा तक न सुन पाते ) का जिन्होंने मुझे आड़ा -तिरछा करके सब विधि पण्डित जी के निर्देशानुसार पूरी करा दी थी । आज हमारी दुल्हन हमारे घर आई । उनके साथ जीवन बिताना है । गज़ब ! जिन्हें देखा नहीं, जाना नही उनके साथ सम्पूर्ण जीवन बिताना है । क्यों नही ईस्वर को साक्षी मानकर पूरे समाज के सामने विवाह किया है । कोई सवाल नही ! इसीलिए तो उस समय यह संस्कार था ।

आज तो एक तरह का समझौता हो गया है । मेरी पत्नी ही मेरी गर्लफ्रैंड थीं । उम्र कम होने के कारण हमारी कोई अपनी सख्त ज़रूरते और पहचान न थी, इसलिए हमनें एक दूसरे की आदतों को अपना लिया । पत्नी भी छोटी थी,मैं भी छोटा था । हम पति पत्नी होते हुए भी भाई बहनों की तरह हो गए,लड़ते झगड़ते पर भाई बहन की तरह कुछ पल में एक हो जाते । आपस में आज का तथाकथित ईगो न था । अपने ही घर मे रात होने का इंतजार करना पड़ता । क्या मजाल दिन में मिल लें ! मिलते भी तो छुप छुपाकर, आज की पीढ़ी क्या जाने उस रोमांस को ! मायके चली जाती तो विरह की आग में जलते ।चोरी से चिट्ठी लिखता । अपनी ही लिखी चिट्टी को बार- बार पढ़ता, क्या आनंद था । जवाब में टुटी -फूटी भाषा में जब उनका जवाब आता । उस चिट्ठी को सैकड़ो बार पढ़ता ।

चिट्ठी के शब्दो से तो क्या उन अक्षरों पर भी प्यार आता जो लिखे होते । महीनों उस चिठ्ठी को पढ़ता रहता । आज विडियो कॉलिंग में वो बात कहाँ ! किसी दिन दुल्हन के कमरे में देर तक सो जाता तो घर से वैसे ही निकलता जैसे कोई चोरी पकड़ी गई हो,उससे बच के निकलना हो ।अपने ही परिवार जनों से बच बचाकर निकलना पड़ता,उसका भी एक आनंद था । उस समय हम छोटे पौधे की तरह थे । हमें परिवार समाज रूपी माली जैसे चाहे वैसे ढाल दे । आप में से कइयों ने देखा होगा,दो छोटे - पौधे जब पास -पास हो तो एक दूसरे में मिलकर बड़े होते है । दूर से एक ही पेड़ लगते है । पास जाने पर अलग अलग दिखते है । दो पौधों को तो एक किया जा सकता है । दो पेड़ो को नहीं...पौधा यहां से वहां लगाया जा सकता है, पेड़ नही...इतना कहकर पुद्दन काका चले गए...


लेखक - डॉ रमाकान्त क्षितिज
(संकलन- विनोद कुमार सीताराम दुबे शिक्षक)

खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email-
hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512

## अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन वीकली के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

- सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# पूर्व विधायक ने महात्मा फुले लाइब्रेरी के पोस्टर का किया विमोचन



जयपुर (हमारा वतन) शहर के मोरीजा रोड स्थित कांग्रेस कार्यालय गोठवाल भवन पर पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी द्वारा माली समाज विकास समिति तहसील चौमूं द्वारा संचालित महात्मा फुले लाइब्रेरी का भव्य शुभारंभ के पोस्टर का विमोचन किया। माली समाज तहसील चौमूं के अध्यक्ष दिनेश सैनी ने बताया कि माली समाज विकास समिति तहसील चौमूं द्वारा संचालित महात्मा फुले लाइब्रेरी का भव्य शुभारंभ दिनांक 15 दिसंबर 2021, प्रातः 11:15 बजे मुख्य अतिथि पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी व विशिष्ट अतिथि चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी के कर कमलों द्वारा किया जाएगा। इस मौके पर माली समाज विकास समिति तहसील चौमूं के पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम सैनी, महामंत्री घीसालाल सैनी, कोषाध्यक्ष प्रभातीलाल शिवनगरिया, संयुक्त मंत्री कन्हैयालाल पापटवाण आदि मौजूद रहे।



## पंडित रविंद्र आचार्य ने किया पदमश्री गुलाबो सपेरा का सम्मान

जयपुर (हमारा वतन) तारा ज्योतिष साधना केंद्र के अध्यक्ष और अंतरराष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य ने पदमश्री सम्मान से सम्मानित अंतराष्ट्रीय कालबेलिया नृत्यांगना और राजस्थान की बेटी गुलाबो सपेरा का भव्य सम्मान किया । पंडित रविंद्र आचार्य ने सम्मान स्वरूप बाबा श्याम की चुनरी ओढ़ाकर, श्याम कलम देकर इनके उज्जवल भविष्य की कामना की । इस दौरान डॉ. कमल शर्मा, पंडित अमित आचार्य ,रानू सपेरा आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

## कृषि बजट तैयार करने के लिए उदयपुर संभाग स्तरीय चर्चा बैठक संपन्न

# मुख्यमंत्री की मंशा राज्य कृषि व पशुपालन के क्षेत्र में मजबूती के साथ उभरें-कृषि मंत्री



जयपुर(नि.सं.)। कृषि मंत्री लालचंद कटारिया ने कहा है कि गत वर्षों में राजस्थान में गत वर्षों में कृषि व पशुपालन क्षेत्र में युवा कृषकों ने अपने नवाचारों के माध्यम से कृषि क्षेत्र को सुदृढ़ किया है ऐसे में मुख्यमंत्री की मंशा है कि हमारा राज्य कृषि व पशुपालन के क्षेत्र में मजबूती के साथ उभरें और इसी मंशा से मुख्यमंत्री ने आगामी बजट सत्र से राज्य में पहली बार कृषि बजट अलग से प्रस्तुत करने का निर्णय लिया है। कटारिया वर्चुअल माध्यम से जुड़कर कृषि बजट की तैयारियों के लिए उदयपुर के महाराणा प्रताप कृषि विश्वविद्यालय सभागार में संभाग स्तरीय बजट पूर्व चर्चा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कृषि से संबंधित विभिन्न विभागों, काश्तकारों, जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्धजनों आदि से रूबरू होकर सुझाव लिए जा रहे हैं और इन सुझावों के आधार पर आगामी बजट में कृषक हितकारी बजट प्रस्तुत किया जाएगा ताकि अधिकाधिक किसानों का इसका लाभ मिल सके। चर्चा बैठक में कृषि विभाग के प्रमुख शासन सचिव दिनेश कुमार, रजिस्ट्रार मुक्तानंद अग्रवाल, संभागीय आयुक्त राजेन्द्र भट्ट, एमपीयूएटी के कुलपति एनएस राठौड़, कृषि विपणन निदेशक सोहनलाल शर्मा तथा अतिरिक्त संभागीय आयुक्त एलएन मंत्री मंचासीन थे। प्रमुख शासन सचिव दिनेश कुमार ने कहा कि राजस्थान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में देश में नंबर वन है। राज्य सरकार ने कृषि संबंधित आधारभूत सुविधाओं के लिए वित्तीय प्रावधानों को बढ़ाया है और अब किसानों को और अधिक राहत देने के लिए पृथक् से कृषि बजट को प्रस्तुत किया जा रहा है। संभागीय आयुक्त राजेन्द्र भट्ट ने कहा कि जनजाति अंचल की भौगोलिक स्थितियों को देखते हुए कृषकों के लिए हितकारी बजट तैयार किया जाए इस मंशा से राज्य सरकार द्वारा इस प्रकार के संवाद को आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संभाग के सभी जिलों के काश्तकारों और कृषि, पशुपालन, कृषि विपणन, राजस्थान वेयर हाउस कॉर्पोरेशन, सहकारिता, ग्रामीण विकास, ऊर्जा, जल संसाधन, कृषि विश्वविद्यालय आदि कृषि से सम्बद्ध सभी विभागों के प्रतिनिधियों से प्राप्त सुझावों को राज्य सरकार को भेजा जाएगा जिससे बजट तैयार हो सके। आरंभ में संयुक्त निदेशक महेश वर्मा ने स्वागत उद्बोधन दिया। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर अशोक कुमार, जिला परिषद सीईओ गोविंदसिंह राणावत, डूंगरपुर के पूर्व उप जिला प्रमुख प्रेमकुमार पाटीदार सहित संभाग भर के अधिकारी व काश्तकार मौजूद थे। चर्चा बैठक में संभाग के सभी जिलों से प्रगतिशील कृषक, प्रगतिशील पशुपालक, कृषि प्रसंस्करण सहित कृषि उद्यमों के प्रमुख प्रतिनिधि, सिंचाई जल प्रबन्धन इकाइयों के प्रतिनिधि, प्रगतिशील मत्स्य पालक, कृषक उत्पादन संगठनों (एफपीओ) के प्रतिनिधि, सहकारी समितियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और कृषि , पशुपालन और डेयरी तंत्र को सुदृढ़ बनाने के लिए कई महत्त्वपूर्ण सुझाव दिए।

Mohan Lal Jitarwal
Jaisingh Jitarwal
Monika Printers
मोनिका प्रिन्टर्स
WE DESIGN , PRINT & PROMOTE...YOU !
थाना मोड़, चौमूँ
फ्लैक्स/विनायल | ऑफसेट प्रिन्टिंग | पोस्टर / पम्पलेट | बिल-बुक | लेटर हेड
शादी कार्ड | सवामणी कार्ड | स्क्रीन प्रिन्टिंग | विजिटिंग कार्ड | आई - कार्ड
हमारे यहाँ प्रिन्टिंग से सम्बन्धित सभी कार्य उचित रेट पर किये जाते है
तथा चुनाव से सम्बन्धित सामग्री उचित रेट पर तैयार की जाती है ।
एक बार सेवा का मोका अवश्य दें
Contact Us: 9785850646, 8946910073, 7610022192
monikaprinters68@gmail.com

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
संरक्षक : बाबूलाल सैनी मो: 9352734588
सहायक सम्पादकः राकेश तिवाड़ी
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर शहर होगा